Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 6 | नियंत्रण एवं समन्वय

QUIZ PART-05

**1. शरीर में एड्रिनलीन हार्मोन का मुख्य प्रभाव क्या होता है?**

A. रक्तचाप को कम करता है B. हृदयगति को बढ़ाता है
C. प्रोटीन संश्लेषण करता है
D. वसा का पाचन करता है (B)

*व्याख्या :* एड्रिनलीन हार्मोन हृदयगति और श्वसन दर को बढ़ाता है, जिससे शरीर तनाव की स्थिति से निपटने को तैयार हो जाता है।

**2. थायरॉक्सिन हार्मोन के संश्लेषण के लिए कौन-सा खनिज आवश्यक है?**

A. कैल्शियम B. पोटेशियम
C. आयोडीन D. क्लोरीन (C)

*व्याख्या :* थायरॉक्सिन हार्मोन के निर्माण के लिए आयोडीन अनिवार्य होता है। इसकी कमी से घेंघा रोग हो सकता है।

**3. इंसुलिन हार्मोन किस ग्रंथि द्वारा स्रावित होता है?**

A. थायरॉइड B. अग्न्याशय
C. पीयूष ग्रंथि D. अधिवृक्क ग्रंथि (B)

*व्याख्या :* इंसुलिन अग्न्याशय द्वारा स्रावित होता है और यह रक्त में शर्करा का स्तर नियंत्रित करता है।

**4. वृध्दि हार्मोन की कमी से कौन-सी अवस्था उत्पन्न होती है?**

A. मधुमेह B. बौनेपन
C. मोटापा D. थायरॉइड (B)

*व्याख्या :* पीयूष ग्रंथि द्वारा स्रावित वृध्दि हार्मोन की कमी से बौनेपन की समस्या होती है।

**5. टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्राव कहाँ से होता है?**

A. अंडाशय B. वृषण
C. अग्न्याशय D. अधिवृक्क (B)

*व्याख्या :* पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्राव वृषण से होता है, जो यौवनिक विकास को नियंत्रित करता है।

**6. मादा हार्मोन एस्ट्रोजन का स्राव किस ग्रंथि से होता है?**

A. थायरॉइड B. वृषण
C. अंडाशय D. अग्न्याशय (C)

*व्याख्या :* मादा हार्मोन एस्ट्रोजन का स्राव अंडाशय द्वारा किया जाता है।

**7. इंसुलिन की कमी से कौन-सा रोग होता है?**

A. बौनेपन B. मधुमेह
C. घेंघा D. मोटापा (B)

*व्याख्या :* इंसुलिन की कमी से रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है, जिससे मधुमेह रोग होता है।

**8. थायरॉक्सिन हार्मोन किस ग्रंथि द्वारा स्रावित होता है?**

A. पीयूष ग्रंथि B. अधिवृक्क ग्रंथि
C. थायरॉइड ग्रंथि D. अग्न्याशय (C)

*व्याख्या :* थायरॉक्सिन हार्मोन थायरॉइड ग्रंथि द्वारा स्रावित होता है, जो उपापचय को नियंत्रित करता है।

**9. एड्रिनलीन हार्मोन की उपस्थिति से क्या प्रतिक्रिया होती है?**

A. त्वचा में रक्त आपूर्ति बढ़ती है
B. मांसपेशियाँ ढीली हो जाती हैं
C. श्वसन दर बढ़ती है
D. रक्त में शर्करा कम होती है (C)

*व्याख्या :* एड्रिनलीन श्वसन दर को बढ़ाता है ताकि शरीर अधिक ऑक्सीजन ले सके और सतर्क हो सके।

**10. इंसुलिन इंजेक्शन मधुमेह के रोगियों को क्यों दिया जाता है?**

A. थायरॉक्सिन को बढ़ाने के लिए
B. हृदय गति नियंत्रित करने के लिए
C. रक्त में शर्करा नियंत्रित करने के लिए
D. ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए (C)

*व्याख्या :* मधुमेह रोगियों में इंसुलिन की कमी होती है, जिससे रक्त में शर्करा बढ़ जाती है। इंजेक्शन से शर्करा नियंत्रित होती है।

मिशन ज्ञान जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App